अनियमितताएं — अस्पताल में अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन काटने के निर्देश

# कलेक्टर कर रहे थे निरीक्षण, मरीजों ने सामने रख दी सच्चाई





**नवभारत, दमोह. कलेक्टर प्रताप नारायण यादव बुधवार सुबह अचानक जिला अस्पताल के निरीक्षण पर पहुंच गए.जहां उनके सामने मरीजों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी.मरीजों के सामने ही कलेक्टर सिविल सर्जन पर नाराज हुए और कहा कि जब मरीज आपके सामने ही सच्चाई बता रहे हैं.तो अब आप इसके आगे क्या कहेंगे.इस दौरान कलेक्टर को अनियमितताएं मिली. जिसे सुधारने के निर्देश दिए गए.**

साथ ही अनुपस्थित डॉक्टर और कर्मचारियों के वेतन काटने के निर्देश भी कलेक्टर के द्वारा दिए गए हैं. कलेक्टर बिना बताए अस्पताल के निरीक्षण पर पहुंचे थे. जैसे ही वह अस्पताल पहुंचे अधिकारी भी अचंभित रह गए. इसके बाद एसडीएम प्रभारी रचना प्रजापति, पीआरओ वाय.ए. कुरैशी, तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी,सिविल सर्जन डॉक्टर प्रहलाद पटेल,डॉ दिवाकर पटेल,डॉ मुकेश जैन,डॉक्टर मनीष संगतानी, डॉक्टर श्रद्धा गंगले व अन्य डॉक्टरों के साथ कलेक्टर ने अस्पताल का निरीक्षण किया.यहां ओपीडी में ड्यूटी डॉक्टर कम संख्या में मौजूद थे, कई कर्मचारी अनुपस्थित थे.इसके अलावा अस्पताल के मेन गेट पर स्टेचर व व्हीलचेयर की कमी थी.कलेक्टर गुस्से में सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि जब पिछले दिनों निर्देश दिए थे.तो उनका पालन क्यों नहीं किया गया. उन्होंने कहा कि 24 घंटे एक स्ट्रेचर या व्हीलचेयर अस्पताल के गेट पर होनी चाहिए.

### ओपीडी चेंबर में कई डॉक्टर अनुपस्थित

अपने निरीक्षण के संबंध में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने बताया कि उन्होंने औचक निरीक्षण किया था .अस्पताल के ओपीडी चेंबर में कई डॉक्टर अनुपस्थित थे और मरीज इलाज के लिए परेशान हो रहे थे. कई कर्मचारी भी अनुपस्थित मिले हैं .यदि डॉक्टर समय पर नहीं आएंगे तो मरीजों का इलाज कैसे होगा और सभी मरीजों का इलाज एक दिन में संभव नहीं हो पाएगा.

### हेल्थ कमिश्नर भोपाल को फोन लगाया

उन्होंने तत्काल ही हेल्थ कमिश्नर डॉ.एस.धनराजू भोपाल को फोन लगाया और सफाई, सुरक्षा कर्मी व लॉन्ड्री का बकाया भुगतान करने की बात कही .कई गर्भवती महिलाओं के परिजनों ने बताया कि डॉक्टर उनका अच्छे से इलाज नहीं करते .अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन है लेकिन यहां सोनोग्राफी नहीं होती .वह हजार रुपए खर्च कर बाहर से सोनोग्राफी कराने के लिए मजबूर हैं. कलेक्टर श्री यादव ने तत्काल ही सिविल सर्जन को निर्देश दिए की सोनोग्राफी मशीन चालू करने के लिए बाहर से किसी विशेषज्ञ को बुलाया जाए. यदि करोड़ों रुपए की मशीन रखी है तो उसका लाभ मरीजों को मिलना चाहिए.



### जिला पंचायत सीईओ भी पहुंचे

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के सुबह जिला अस्पताल के निरीक्षण के उपरांत जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे भी पहुंचे .उन्होंने बैठक में शामिल होकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन सौंपा



**नवभारत,दमोह.** जिला मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में कथित ब्लैकमेलिंग,झूठी शिकायतों और सोशल मीडिया के जरिए दबाव बनाने का मामला अब खुलकर सामने आ गया है.लंबे समय से मानसिक प्रताड़ना और अनावश्यक हस्तक्षेप से परेशान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने बुधवार को सामूहिक रूप से कलेक्ट्रेट पहुंच गए और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर खुद को पत्रकार बताने वाले दीपक सोनी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की.स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने साफ शब्दों में आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति द्वारा लगातार विभागीय अधिकारियों को निशाना बनाया जा रहा है.कभी झूठी और भ्रामक शिकायतें, कभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तथ्यहीन खबरें, तो कभी निजी स्वार्थ सिद्ध करने के लिए दबाव-इन सबके जरिए विभाग को व्यवस्थित रूप से ब्लैकमेल करने की कोशिश की जा रही है. ज्ञापन सौंपने पहुंचे कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहे संजीव जैन ने तीखे शब्दों में कहा कि लगातार ब्लैकमेलिंग कर शासकीय कर्मचारियों को डराने-धमकाने का प्रयास किया जा रहा है.यह किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है. प्रशासन को ऐसे तत्वों पर लगाम लगानी ही होगी। कर्मचारियों का कहना है कि यह केवल व्यक्तिगत हमला नहीं बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की कार्यप्रणाली को बाधित करने की सुनियोजित कोशिश है.

## ग्राम सागोनी में जल स्त्रोत व वृक्ष पूजन एवं जल संवाद कार्यक्रम



**नवभारत, पथरिया ।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के मार्गदर्शन नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसा कलां एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सागोनी कलां के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सागोनी कलां में सुनार नदी के शिव मंदिर घाट पर जल स्रोत पूजन,वृक्ष पूजन,जल संवाद चौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरान जन अभियान परिषद पथरिया के विकासखंड समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय ने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए प्राचीन जल संरचनाओं के संरक्षण हेतु सामूहिक संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि कभी इन नदियों और तालाबों का जल उपयोग में आता था,लेकिन आज ये उपेक्षित हो रहे हैं जिन्हें बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उक्त दौरान प्रमुख रूप विकासखंड समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय,संस्था अध्यक्ष घनश्याम पटेल, कार्यक्रम समन्वयक बसंत पटेल, अध्यक्ष यशवंत सिंह,हरिशंकर शुक्ला, गिरधारी पटेल, ऋषि कुमार पटेल,परामर्शदाता दिलीप कुमार पटेल,राधेश्याम पटेल,जगदीश अठ्या, विनेश रजक, रामदास रैकवार, ऋषि कुमार पटेल,केशवराम पटेल सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।



### बांदकपुर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने नए कलेक्टर से की सौजन्य भेंट

**नवभारत,दमोह।** श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने नए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव से सौजन्य भेंट करके भगवान भोले नाथ के दर्शन व आवश्यक मार्गदर्शन के लिए बांदकपुर आमंत्रित किया .इस अवसर पर सुरेश कुमार मेहता,पंकज हर्ष श्रीवास्तव, अखिलेश जी, अनुराग श्रीवास्तव मौजूद रहे.

## रिलीज से पहले ही फिल्म समारोहो में धमाल मचा रही है –द दमोह फाइल्स

**नवभारत,दमोह.** जिले की एक सत्य घटना पर आधारित फिल्म द दमोह फाइल्स अभी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज भी नहीं हुई की.विभिन्न फिल्म समारोह में फिल्म धमाल मचा रही है. फिल्म को अब तक चार नॉमिनेशन और तीन अवार्ड मिल चुके हैं.फिल्म निर्माता श्रीमती रश्मि जेता और निर्देशक डॉ रश्मि जेता साथ ही सहायक निदेशक नरेंद्र अठ्या ने जानकारी देते हुए बताया की फिल्म अब तक चार अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में नामित हो चुकी है.वहीं तीन महत्वपूर्ण फिल्म समारोह में इसे विभिन्न अवॉर्डों से नवाजा गया है. पुम्बुकार इडिपेंडेंट फिल्म फेस्टिवल तमिलनाडु 2026 बेस्ट डोकुमेंट्री शार्ट फ़िल्म,गोल्डन लाईन फ़िल्म फेस्टिवल कोलकत्ता और थिलश्री इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल तमिलनाडू में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म के अवार्ड से नवाज़ा जा चुका है, वहीं दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म अवार्ड दिल्ली में इस फ़िल्म को नामित किया गया है.बहुत जल्द ये फिल्म विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नजर आएगी जिसे दर्शक देख पाएंगे दरअसल द दमोह फाइल्स एक ऐसी भयावह घटना की पड़ताल है.

जिसने मानवीय क्रूरता की सारी सीमाएँ तोड़ दीं. ये डॉक्यूमेंट्री उस भयावह सच्चाई की तह तक जाती है, जिसमें जिसमें एक घिनौना कृत सामने आया है.संवेदनशील और खोजपूर्ण नैरेशन के माध्यम से फिल्म इस अपराध के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और कानूनी पहलुओं की पड़ताल करती है.



भारतीय कानून की सुधारवादी न्याय व्यवस्था और जेलों की वास्तविकता बताने की कोशिश यह फ़िल्म करती है,द दमोह फाइल्स केवल एक घटना का दस्तावेज नहीं बनती, बल्कि न्याय, सुधार और मानव मन की अंधेरी गहराइयों पर एक गंभीर चिंतन प्रस्तुत करती है .द दमोह फाइल्स फिल्म का निर्माण जहां श्रीमती रश्मि जेता ने किया है वहीं निर्देशन डॉ रश्मि जेता द्वारा किया गया सह निर्देशन नरेंद्र अठ्या ने किया है, मुख्य किरदार में मनीष सोनी, जूही सोनी, संजय रजक, शिवम सोनी ने निभाई है वही फिल्म निर्माण में एडिटर और सिनेमैटोग्राफर के रूप में राहुल तिवारी की विशेष भूमिका रही है फ़िल्म में सहयोगी के रूप में शनि परोचे, मधुर कांत गार्डिया जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं .वही देवेंद्र और नन्नू का विशेष सहयोग रहा है, इस फ़िल्म में विशेष अभिमत डॉ विनय सिंह यदु पूर्व सिविल सर्जन व अधिवक्ता मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय व सी एल प्रजापति पूर्व जेल उप अधीक्षक ने दिया है. आगामी समय में ये फ़िल्म विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के बीच नजर आएगी.

## डॉ प्रेमलता नीलम की पुस्तक मुझे पढ़ाई करना है, बाल नाटिका संग्रह का लोकार्पण



**नवभारत,दमोह।** बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केन्द्र भोपाल के बाल साहित्य सम्मान समारोह मे डॉ प्रेमलता नीलम की चौदहवीं कृति मुझे पढ़ाई करना है बाल नाटिकाओं का लोकार्पण मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति मनोहर मिमलानी पूर्व न्यायधीश हाई कोर्ट अध्यक्ष डॉ कुमकुम गुप्ता विशिष्ट अतिथि प्रो.शिक्षा विद सौरभ प्रकाश केंद्र के सचिव निदेशक महेश सक्सेना ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन मे कहा -मुझे पढ़ाई करना है, ये बाल नाटिकाऐं समाज के नौनिहालों को उत्कृष्टता की ओर ले जाएंगे सभी नाटिकाएं पठनीय है, सचिव महेश सक्सैना जी ने कहा बाल साहित्य मे बाल नाटक की परंपरा पुरानी है अत: वर्तमान मे बाल नाटक की उपयोगिता बढ़ रही है अत: लेखिका डॉ प्रेमलता नीलम ने बच्चों के अनुकूल समसामयिक विषयों पर नाटिकाएं लिखीं है जो सराहनीय प्रशंसनीय है।

### सुंदरकांड का भव्य आयोजन

**नवभारत,दमोह** .ज्येष्ठ माह के मंगल के पावन पर्व पर मंगलवार को संस्कार भवन में श्रीमती सुनीता/रमेश असाटी के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार की पूजा करके सुंदरकांड का गान किया गया.समस्त पदाधिकारी गण संरक्षक मंडल मार्ग दर्शक मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ समाज की अधिक संख्या में बहनों की भरपूर उपस्थित रही. सभी बहनों ने मिलकर पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की इसके बाद सामूहिक आरती के साथ सभी ने वैशाख माह की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए सुंदर-सुंदर भजनों गायन किया.





## नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन

**नवभारत,दमोह.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में आज 6 मई 2026 को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के आदेशानुसार नशा मुक्ति जागरू कता रैली का आयोजन संपन्न किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के संस्था प्रमुख डॉ. आलोक कुमार जैन के कुशल निर्देशन में और महा विद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. इंदिरा जैन, डॉ. हरिओम दुबे, डॉ कीर्तिकाम दुबे एवं महाविद्यालय की रेड क्रॉस यूनिट की संयोजक डॉ. मीरा माधुरी महंत, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी, नाजनीन बेगम, डॉ. मंगल सिंह अहिरवार के नेतृत्व में आयोजित की गई। यह रैली नशा मुक्ति जागरूकता के साथ जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण आदि के नारे लगाते हुए किल्लाई नाका चौक से होते हुए महाविद्यालय परिसर तक पहुंची। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं छात्र छात्राओं में लगभग 80 विद्यार्थियों ने सहभागिता सुनिश्चित की।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर तीन दिवसीय सेमिनार प्रारंभ

**नवभारत, दमोह.** जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में सर्व शिक्षा अभियान के सभा कक्ष में बुधवार 6 मई को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन व नवीन शिक्षण पद्धति को लेकर तीन दिवसीय सेमिनार कार्यशाला का शुभारंभ किया गया.कार्यशाला का शुभारंभ अपर कलेक्टर श्रीमती मीना मसराम ने किया.इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी वाई.ए. कुरैशी,डीपीसी मुकेश द्विवेदी,राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक माधव पटेल सहित जिले के समस्त विकासखंडों से आए जनशिक्षक,बीआरसी,शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व शैक्षिक हितधारक उपस्थित रहे.विजयवर्धन संस्थान ग्वालियर/दमोह द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में शैक्षिक हितधारकों के बीच समझ व ज्ञान प्रबंधन को सुदृढ़ बनाना.



## अग्रवाल महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने की 56वीं महाआरती

**नवभारत,दमोह.** अग्रवाल समाज दमोह के द्वारा प्रत्येक में होने वाली मासिक महा आरती के क्रम में इस बार 56वीं महा आरती में भोपाल से अग्रवाल महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन गुप्ता पहुंचे .जिन्होंने पंडित बृजेश पाठक के सानिध्य में सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश माता लक्ष्मी व भगवान अग्रसेन का पूजन अर्चन किया व महा आरती की गई .महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया .वहीं महा आरती के दौरान मध्य प्रदेश की चित्रकला प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री से सम्मानित शीतल गुप्ता को महासभा के द्वारा सम्मानित किया गया .आरती में मुख्य रूप से अग्रवाल महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष रमा अग्रवाल,ट्रस्ट अध्यक्ष जीवनलाल अग्रवाल जन जागरण समिति के अध्यक्ष स्वप्नेश अग्रवाल पूर्व जिला अध्यक्ष रवि शंकर अग्रवाल सह सचिव जगदीश अग्रवाल रमेश अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल महासभा से जिला सचिव मंजू अग्रवाल,नगर अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल नगर उपाध्यक्ष अंजलि अनंत अग्रवाल जिलाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल,जिला महामंत्री अशोक कोषाध्यक्ष रमेश सचिव राजू अग्रवाल राजकुमार गणेश वैष्णवी,आशा संगीता कविता मैत्री सर स्वस्ति समृद्धि अदिति नेहा सिंघानिया आदि की उपस्थिति रही.


### एक नजर में



### पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न हुई पूर्णाहुति भक्ति रस में सराबोर हुआ वातावरण

**नवभारत,हटा/दमोह** . हटा नगर की पावन धरा पर सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में श्रद्धा,आस्था और भक्ति के वातावरण के मध्य श्रीमती विमला परसोत्तम पन्या परिवार के द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में कथा वाचक पंडित वीरेंद्र शास्त्री के पावन सान्निध्य में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना व यज्ञ की पूर्णाहुति सम्पन्न की गई. प्रात:काल ब्रह्म मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्वान आचार्यों द्वारा देव पूजन व अर्चन किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय व आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा .पन्या परिवार ने श्रद्धा भाव से यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर धर्म लाभ प्राप्त किया .इस अवसर पर पंडित वीरेंद्र शास्त्री ने कहा की यज्ञ,पूजा और श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मानव जीवन को पवित्र और सार्थक बनाता है.

### पत्रकार जिनेश का निधन



**नवभारत,दमोह।** दमोह के टोरी निवासी एक अखबार के पत्रकार जिन्नू उर्फ जिनेश पिता कमल चंद्र जैन उम्र करीब 50 वर्ष गंभीर रूप से घायल अवस्था में मंगलवार रात दमोह जिला अस्पताल में भर्ती हुए थे .जहां ड्यूटी रत डॉक्टर द्वारा उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सागर रेफर किया था .जहां बुधवार दोपहर को पत्रकार जिन्नू की और हालत बिगड़ने पर भोपाल रेफर किया गया था .इस दौरान विदिशा पहुंचने के पहले ही पत्रकार ने दम तोड़ दिया, जिससे पत्रकार की मौत हो जाने पर जिला जनसंपर्क अधिकारी वाए.ए. कुरैशी और पत्रकार साथियों में दुखद का माहौल है .मृत पत्रकार के भाई जय कुमार जैन ने बताया कि दो बच्चे हैं,जिनमें एक पुत्र जितेंद्र 21 वर्ष और लक्ष्मी 18 वर्ष बताई गई .मृतक जिन्नू के शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम कार्रवाई पुलिस बुधवार शाम को कल ली गई थी,आज गुरुवार को सागर में अंतिम संस्कार होगा.

## दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 8 घंटे में किया गिरफ्तार





**नवभारत,दमोह।** मैरिज गार्डन में महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को महज 8 घंटे में गिरफ्तार किया .हटा थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया.

### अवैध शराब पुलिस ने जप्त की

नवभारत,हटा/दमोह.17 सितंबर को ग्राम पड़री दुबे के समीप पकड़ी लाल रंग की ओमनी से अवैध शराब हटा पुलिस ने जप्त की थी .मामले में मौके से अरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे .करीब 7 माह से अवैध शराब मामले में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में हटा थाना टीआई सुधीर बेगी के नेतृत्व में सफलता हासिल की है. मामले में एक आरोपी अभी भी फरार बताया गया.



### प्रतिबंधित थाईलैंड मांगुर का किया गया विनिष्टकरण

**नवभारत,दमोह.**कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशो के तहत् गठित जिला स्तरीय दल के सदस्य मत्स्य निरीक्षक ऋषि ओम तिवारी, ऋषिकांत पाठक एवं विभागीय अमले के साथ थाईलैंड मांगुर मछली जो कि भारत सरकार द्वारा पूर्णत: प्रतिबंधित है,मछली की मात्रा 1.5से 2 मीट्रिक टन मछली को मुख्य नगपालिका अधिकारी द्वारा दूरभाष पर बताये गए स्थल पर पटेरा के नजदीक वार्ड 3 में शासकीय भूमि पर जेसीबी मशीन के माध्यम से गड्ढा करवाकर थाईलैंड मांगुर मछली विनिष्टकरण की कार्रवाई की गई।

## भाजपा ग्रामीण मंडल हटा की कामकाजी बैठक

### कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

**नवभारत,हटा/दमोह.** भाजपा ग्रामीण मंडल हटा की कामकाजी बैठक मंडल के ग्राम भैंसा में ग्राम पंचायत भवन में संपन्न हुई.कार्यक्रम के प्रथम चरण में अतिथियों ने भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया. सर्वप्रथम गोपाल पटेल ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला.बैठक में मंडल के प्रभारी करण सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता बहादुर पटेल,हरि नारायण चौकरया, डॉ रामनारायण कुसमया, राजवीर चौहान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पार्टी की आगामी रणनीति की जानकारी से अवगत कराते हुए बताया।



### सभी को संगठन के प्रति हर समय सजग रहना चाहिए

कार्यकर्ता पार्टी को ऊपर ले जाने में अहम भूमिका निभाता है, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाएं, शक्ति केंद्रों में बैठ कर मन की बात के साथ ही प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में बैठक होने जैसे पार्टी के महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई. बैठक में मनीष तंतुवाय जिला पंचायत सदस्य, श्याम नायक, विश्वनाथ नगायच, श्रीकांत तिवारी, नरेंद्र चौकरया, रामनारायण पटेल, शोभेंद्र सिंह राजपूत, पृथ्वीराज पटेल, राजेश पटेल, रोशन अहिरवार, चंद्रभान सिंह, मुकेश पटेल के साथ ही कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही.

किसान परेशान — उपार्जन केंद्रों पर किसानों से 20-25 रुपये प्रति क्विंटल की मांग

# गेहूं तुलाई के बदले वसूली





**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** तेंदूखेड़ा ब्लॉक के उपार्जन केंद्रों पर गेहूं की तुलाई के दौरान किसानों से अवैध वसूली के आरोप सामने आ रहे हैं. किसानों का कहना है कि तुलाई के बदले उनसे 20 से 25 रुपये प्रति क्विंटल तक लिए जा रहे हैं.जनपद अंतर्गत तारादेही में इस समय समर्थन मूल्य पर गेहूं और चने की खरीदी जारी है.इसी बीच कई किसानों ने आरोप लगाया है कि तुलाई के नाम पर प्रति बोरी 10 रुपये तक वसूले जा रहे हैं.एक बोरी लगभग 50 किलो की होने के कारण प्रति क्विंटल किसानों को करीब 20 रुपये अतिरिक्त देने पड़ रहे हैं.किसान सतेंद्र लोधी गोविन्द लोधी बताया कि उपार्जन केंद्रों पर तुलाई के दौरान पैसे मांगे जा रहे हैं.पैसे न देने पर तुलाई में देरी और अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

### फूड इंस्पेक्टर ने दर्ज करवाई एफआई आर

फूड इंस्पेक्टर आदित्य दाहिया इंस्पेक्टर ने दर्ज करवाई एफ आई आर उक्त कार्यवाही जिला कलेक्टर प्रताप नारयण यादव के आदेश पर एसडीएम सीजी गोस्वामी ने की. कार्यवाही से क्षेत्र तुलाई केंदो में हड़कंप मच गया है,वही छोटे किसान खुश है.

इसके अलावा किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि तुलाई के दौरान कुछ गेहूं जानबूझकर जमीन पर गिराया जाता है,जिसे बाद में पल्लेदारों द्वारा इकट्ठा कर निजी रूप से बेचने की जानकारी मिल रही है .एसडीएम श्री गोस्वामी के साथ तहसीलदार डॉक्टर विवेक व्यास,थाना प्रभारी आलोक तिरपुड़े, आर आई करन सिंह,मुख्य रूप से मौजूद थे.